21/03/2026

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्रीय विद्‌युत एवं आवास मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में शुक्रवार को भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 के दौरान यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राष्ट्रीय विद्‌युत मंत्रिस्तरीय बैठक में उपमुख्यमंत्री चौना मेन ने भाग लिया। पैनल चर्चा के दौरान उपमुख्यमंत्री ने भारत के स्वच्छ ऊर्जा ट्रांजिशन में अरुणाचल प्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि राज्य में लगभग अट्ठावन हज़ार मेगावॉट जलविद्‌युत क्षमता है, जो देश की कुल क्षमता का अड़तीस प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने जलविद्‌युत परियोजनाओं के कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों का उल्लेख करते हुए लागत बढ़ने के बीच CPSU के माध्यम से व्यवहारिक परियोजनाओं को तेज़ी से आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। श्री मेन ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की पैरा एथलीट कीपा मेरो ने भुवनेश्वर में आयोजित चौबीसवीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में महिला भाला फेंक F12 वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

उन्होंने अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए अपनी मेहनत और उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। वहीं, तेची मेता ने महिला चार सौ मीटर T13 वर्ग में रजत पदक हासिल किया।

0000000000000000000000000

तवांग के **त्सांगबू मोनपा हैंडमेड पेपर सेंटर** में मोनपा हस्तनिर्मित (मोन-शुगु) कागज के विकास पर दो दिवसीय कार्यशाला एवं ऑन-साइट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज शुभारंभ हुआ। जिसका उद्देश्य इस पारंपरिक शिल्प को पुनर्जीवित और आधुनिक बनाना है। इस कार्यक्रम का आयोजन कुमारप्पा राष्ट्रीय हस्तनिर्मित कागज संस्थान, जयपुर द्वारा किया जा रहा है, जिसे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय और खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा प्रायोजित किया गया है। यह कार्यक्रम यूथ एक्शन फॉर सोशल वेलफेयर, तवांग के सहयोग से आयोजित की जा रही है। मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करते हुए मालिंग गोंबू ने पारंपरिक कागज निर्माण को वैज्ञानिक तरीकों से उन्नत करने की आवश्यकता पर जोर दिया और स्थानीय युवाओं व कारीगरों की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश साहित्यिक सोसायटी और राजीव गांधी विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के साहित्यिक गतिविधि क्लब द्वारा आज विश्व कविता दिवस 2026 का आयोजन जवाहरलाल नेहरू

संग्रहालय, ईटानगर में किया गया। इस अवसर पर स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन कर डॉ. दोयिर एते ताइपोडिया द्वारा लिखित पुस्तक **'द डांस ऑफ द लास्ट लीफ'** का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में वाई.डी. थोंगची, प्रोफेसर मियाज़ी हाजम और गुम्पी ङुसो लोम्बी ने भी अपने विचार पेश किए। देरा नातूंग राजकीय महाविद्यालय के साहित्यिक क्लब द्वारा भी विभिन्न साहित्यिक गतिविधियों द्वारा इस दिन को मनाया गया।

0000000000000000000000000

तीसरा नोर्थ ईस्ट इंडिया फ़िल्म फ़ेस्टिवल 2026 आज इम्फाल के **तंथापोलिस सिनेमा** में शुरू हुआ। दो दिवसीय इस महोत्सव में उत्तर-पूर्व क्षेत्र की नौ फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिनमें चार मणिपुरी, चार असमिया और एक मेघालय (खासी) फिल्म शामिल है। इस महोत्सव का उद्देश्य फिल्म उद्योग के विकास को बढ़ावा देना और सिनेमा को एक कला के रूप में प्रोत्साहित करना है।

0000000000000000000000000

समावेशन को बढ़ावा देना, जागरूकता फैलाना और दिव्यांगजनों के प्रति सहयोग की भावना विकसित करने के उद्देश्य से एच-स्प्रिंग इंटीग्रेटेड स्कूल, पासीघाट द्वारा आज विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस और सेरेब्रल पाल्सी जागरूकता माह का आयोजन किय गया।

इस अवसर पर “टुगेदर अगेंस्ट लोनलीनेस” और “स्ट्रॉन्गर टुगेदर” विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

0000000000000000000000000

'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026' में हिस्सा लेने वाले अरुणाचल की टीम के लिए एक फ़्लैग-ऑफ़ सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें सतहत्तर एथलीट, सात कोच और एक चीफ़ डी मिशन शामिल है। 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026' आगामी पच्चीस मार्च से छः अप्रैल 2026 तक छत्तीसगढ़ में आयोजित की जाएगी। राज्य के टीम एथलेटिक्स, तीरंदाज़ी, फ़ुटबॉल, वेटलिफ़्टिंग और कुश्ती जैसे अलग-अलग स्पर्धा में मुक़ाबला करेंगे। इस अवसर पर राज्य के खेल और युवा मामलों के सचिव, आबू तायेंग ने 'CM ACES' पहल के महत्व पर प्रकाश डाला और पैरा-एथलीट बिरी ताकर और तिगोंग वांगपान की हाल की उपलब्धियों का ज़िक्र करते हुए एथलीट्स का हौसला बढ़ाया। उन्होंने 'मिशन ओलंपिक' और सरकार द्वारा सोचे गए सालाना राज्य खेलों जैसी अहम सरकारी पहलों भी बात की, जिनका मकसद खेलों को बढावा देना हैं।

0000000000000000000000000

आपसी समझ, खुशी और नागरिक-सैन्य संबंधों को मजबूत करने के उद्देशय से, भारतीय सेना द्वारा इंटर्नेशनल डे ऑफ़ हैप्पीनेस के अवसर पर अपर सियांग जिले के तूतिंग स्थित एक सीमा गांव के मठ में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

“Compassion at the Frontiers: Building Happiness Together” थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में तीरासी बौद्ध भिक्षुओं ने भाग लिया। इस दौरान विभिन्न रोचक गतिविधियां, खेल और बौद्ध धर्म आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया।

0000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 11 जिलों वेस्ट कामेङ, पाके केसाङ, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, लोअर सियाङ, लेपा रादा, ईस्ट सियाङ, नामसाइ, चाङलाङ, तिराप और लोङदिङ के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000000